कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 06/02/2025

विषय:- थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा *"ऑपरेशन चक्रव्यूह"* के तहत चेकिंग के दौरान गैर इरादतन हत्या में शामिल वांछित अभियुक्त को 01 अदद आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0238/2024 धारा 115(2),351(2),105 BNS थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 05/02/2025 को समय करीब 18.50 बजे थाना चौक क्षेत्र स्थित नीलकण्ठ त्रिमुहानी के पास स्थित रुद्रेश्वर महादेव के पास से अभियुक्त विशाल खरवार उर्फ बच्चा को गिरफ्तारी किया गया तथा उसकी निशानदेही पर आला कतल 01 अदद डण्डा बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

घटना का विवरण- मुकदमा वादी/मृतक द्वारा दिनांक 01/11/2024 को विपक्षीगण द्वारा एक राय होकर राड व डंडे से मारने पीटने जान से मारने की धमकी व सिर में गम्भीर चोट लगने के कारण मौके पर ही बेहोश हो जाने के सम्बन्ध में दिनांक 02/11/2024 को थाना जैतपुरा पर अभियोग पंजीकृत कराया था। वांछित अभियुक्तगण उक्त घटना के बाद से फरार चल रहे थे। पतारसी सुरागरसी के क्रम में थाना स्थानीय की पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली की वांछित अभियुक्त निलकण्ठ त्रिमुहानी के पास मौजूद हैं इस सूचना पर दिनांक 05/02/2025 को समय करीब 18:50 बजे थाना चौक क्षेत्र स्थति नीलकण्ठ त्रिमुहानी के पास स्थित रुद्रेश्वर महादेव के पास से अभियुक्त विशाल खरवार उर्फ बच्चा पुत्र सन्तोष खरवार उर्फ भूतनाथ निवासी J 8/22 डिगिया थाना जैतपुरा वाराणसी हालपता सन्तोष चौरसिया का किराये का मकान बिन्दू लान के सामने थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तथा उसकी निशानदेही पर आला कतल 01 अदद डण्डा बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. विशाल खरवार उर्फ बच्चा पुत्र सन्तोष खरवार उर्फ भूतनाथ निवासी J 8/22 डिगिया थाना जैतपुरा वाराणसी हालपता सन्तोष चौरसिया का किराये का मकान बिन्दू लान के सामने थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 05.02.2025, स्थान- नीलकण्ठ त्रिमुहानी के पास स्थित रुद्रेश्वर महादेव के पास से।

बरामद सम्पत्ति का विवरण- 01 अदद डण्डा आला कत्ल

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0127/2022 धारा 380, 411, 457 B.N.S. थाना चेतगंज, कमिश्नरेट वाराणसी
2. मु0अ0सं0 0238/2025 धारा 115(2), 351(2),105, 238 B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 जफर मेंहदी, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 शिवम कुमार गुप्ता, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 राजेश यादव, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

पुलिस उपायुक्त,
जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी ।